सैन्य अभ्यास शक्ति 2021 का छठा संस्करण

भारत-फ्राँस सैन्य अभ्यास शक्ति (SHAKTI) 2021(द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास) का **छठा संस्करण नवंबर में फ्राँस के फ्रेजस (Frejus)** में आयोजित किया जाएगा।

- **गोरखा राइफल्स** इन्फैंट्री बटालियन की एक प्लाटून इस द्विपक्षीय अभ्यास में **भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व करेगा**।

प्रमुख बिंदु

//

- **परिचय:**
  - यह अभ्यास **संयुक्त राष्ट्र** के जनादेश के **तहत अर्द्ध-शहरी इलाके की पृष्ठभूमि में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित** करेगा, जिसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग और अंतर-संचालन को बढ़ाना है।
  - दोनों देशों की सेनाओं के बीच **द्विवार्षिक अभ्यास वर्ष 2011 में शुरू** हुआ था।
    - यह **भारत और फ्राँस द्वारा क्रमिक रूप** से आयोजित किया जाता है।
  - अभ्यास शक्ति का अंतिम संस्करण **वर्ष 2019 में राजस्थान में आयोजित** किया गया था, जिसमें '**अर्द्ध-रेगिस्तानी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों**' का अभ्यास किया गया था।
- **भारत और फ्राँस के बीच सैन्य अभ्यास:**
  - वरुण - नौसेना अभ्यास
  - डेज़र्ट नाइट-21 और गरुड़ (वायुसेना अभ्यास)
  - शक्ति - सैन्य अभ्यास

नोट:

- **गगन शक्ति** का संचालन भारतीय वायुसेना द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र के सम्पूर्ण विस्तारित क्षेत्र में अपने **वायु सैन्य क्षमता के प्रभुत्व को प्रदर्शित** करने के लिये किया जाता है।
- **गरुड़ शक्ति** भारत और इंडोनेशिया के बीच **संयुक्त सैन्य अभ्यास** है।
- **मित्र शक्ति** भारत और श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- **हरिमऊ शक्ति** भारत-मलेशिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6th-edition-of-shakti-2021